चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....

दिनांक 7.1.2021....पृष्ठ संख्या....2....कॉलम....5-8....

# दो हजार और एलुमनी एचएयू से जोड़े गए छात्रों को रोजगार, स्टार्टअप के देंगे टिप्स

## जनवरी के अंत में ऑनलाइन वेबिनार से स्टूडेंट्स से होंगे रूबरू

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के पदाधिकारियों ने विवि की छात्र एवं छात्राओं को रोजगार दिलाने और नए स्टार्टअप शुरू करने के बाद दूसरों को रोजगार दिलाने और विदेश में जाकर नौकरी करने के सपने को पूरा करने के लिए अनूठी पहल की है। देश से लेकर विदेशों में विवि का नाम रोशन कर रहे दो हजार और एलुमनी विवि के साथ जोड़े गए हैं। जिनसे जल्द ऑनलाइन माध्यम से विवि के छात्र एवं छात्राओं को रूबरू कराया जाएगा। इसके साथ ही विवि के टॉपर छात्रों के माध्यम से छात्रों को सफल होने के टिप्स दिलाए जाएंगे। जनवरी माह के अंत में एलुमनी और छात्रों को रूबरू कराया जाएगा।

दरअसल, एचएयू के पदाधिकारी छात्र एवं छात्राओं के साथ साथ किसानों को रोजगार दिलाने के लिए पहले से ही प्रयासरत है। इसके लिए जहां विवि में छात्रों और किसानों को कई तरह की ट्रेनिंग दी जा रही है। वहीं खुद भी रोजगार दिलाने का प्रयास किया जाता है। पहले से ही एचएयू के साथ 10 हजार से अधिक एलुमनी जुड़े हैं। एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह ने बताया कि देश से लेकर विदेश में बड़े पदों पर आसीन और एचएयू का नाम रोशन कर रहे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक आदि करीब दो हजार एलुमनी का ब्योरा तैयार कराया गया है। जो छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से बताएंगे कि जीवन में सफल कैसे हो सकते हैं। यही नहीं छात्राओं की पढ़ाई के दौरान आने वाले समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। यही नहीं छात्रों को एलुमनी के मोबाइल नंबर भी दिलाए जाएंगे, ताकि किसी तरह की परेशानी होने पर वह सीधे एलुमनी से भी बात कर सकें। ऑनलाइन होने वाले कार्यक्रम की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। जल्द ऑनलाइन कार्यक्रम की तारीख निर्धारित कर दी जाएगी।

### एचएयू ने अटल रैंकिंग में देश में पहला स्थान पाया था

वैसे तो हाल ही में एचएयू ने अटल रैंकिंग में देश में पहला स्थान प्राप्त किया था। एचएयू के कुलपति ने बताया कि एलुमनी से सीधे रूबरू होने पर छात्रों का मानसिक विकास भी होगा। वह खुद रोजगार के साथ-साथ अन्य को भी खुद का स्टार्टअप शुरू कर रोजगार देने वाले बनेंगे। इससे विश्व स्तर पर विवि का नाम भी रोशन होगा। वीसी ने बताया कि किसी भी कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं से भी विवि के छात्रों को रूबरू कराया जाएगा, ताकि वह भी टॉपर की तरह ही परीक्षा की तैयारी कर उच्च स्थान प्राप्त करें। यही नहीं विवि का नाम भी हर स्तर पर रोशन हो। इसके लिए टॉपर का ब्योरा भी तैयार किया गया है।

## होम साइंस कॉलेज की छात्राएं कल से चलाएंगी 'द क्लोथिंग ड्राइव'

**हिसार** | एचएयू के इंदिरा चक्रवर्ती होम साइंस कॉलेज की छात्राएं कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए 8 जनवरी को एक 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान चलाएंगी। कॉलेज के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि विभाग की संकल्प टीम की छात्राएं इस अभियान को चलाएंगी। इस दौरान एचएयू के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर चार और इंदिरा चक्रवर्ती होम साइंस कॉलेज के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलेक्शन सेंटर बनाए जाएंगे। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति अपने घर पर रखे पुराने वस्त्रों को यहां देकर जा सकता है। सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक वस्त्र एकत्रित किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक सवेरा....

दिनांक 7.1.2021 पृष्ठ संख्या ....7.... कॉलम ....3-5....

# कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों मदद देगा हकृवि का होमसाइंस कालेज

**● 8 जनवरी से चलाएंगे 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान, एकत्रित करेंगे सर्दी के लिए वस्त्र**



विश्वविद्यालय के चार नंबर गेट का फाइल फोटो।

हिसार, 6 जनवरी (सुरेंद्र सोढी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए 8 जनवरी को एक 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि इस दौरान विभाग की संकल्प टीम की छात्राओं द्वारा इस अभियान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर चार और इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलेक्शन सेंटर बनाएं जाएंगे। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपने घर पर रखे हुए पुराने वस्त्रों को यहां देकर जा सकता है। इन केंद्रों पर सुबह 9 बजे से सायंकाल पांच बजे तक वस्त्र एकत्रित किए जाएंगे। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि जो भी व्यक्ति यहां वस्त्र देना चाहता है वह साफ व सुथरे, बिना फट्टे हुए और सेनेटाइज किए गए वस्त्र यहां देकर जाए ताकि कोरोना महामारी के चलते सावधानी बरतते हुए उन्हें सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में कई बेसहारा लोग सडकों व फुटपाथ पर अपनी रात गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में उन गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने यह सराहनीय कदम उठाते हुए इस तरह की गतिविधि आयोजित करने का फैसला लिया है, ताकि अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर इस अभियान का हिस्सा बन सकें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 7.1.2021.....पृष्ठ संख्या.....2.............कॉलम........1:3........

# एचएयू होम साइंस कॉलेज ग्रामीण महिलाओं को समझा रहा योग और प्राणायाम के फायदे

## कॉलेज के शिक्षक और विद्यार्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन कर रहे अवेयर

**सिटी रिपोर्टर** • एचएयू के इंदिरा चक्रवर्ती होम साइंस कॉलेज निरंतर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयास कर रहा है। इसी दिशा में कोरोना महामारी के चलते ग्रामीण महिलाएं जो स्वरोजगार से परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उनके जीवन में काम के बोझ व घरेलू परेशानियों के चलते बढ़ रहे तनाव को दूर करने के लिए कॉलेज टीम खास टिप्स दे रही है। कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने टीम का मार्गदर्शन करते हुए बधाई दी। डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ जाधव की अगुवाई में ये गतिविधि आयोजित की जा रही हैं।



### स्वरोजगार चलाने वाली महिलाओं का किया चयन

कोरोना महामारी के चलते कॉलेज के स्टाफ सदस्यों ने डाबड़ा व रावलवास खुर्द की 30-30 उन महिलाओं का चयन किया जो गांव में आजीविका चला रही हैं।

### तनाव कम करने को योग और अध्यात्म के बारे में बताया

कॉलेज की पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता और डॉ. कविता दुआ की अगुवाई में इसी कॉलेज की शोध की छात्रा एवं योग एक्सपर्ट सुमन सहारन ने गांव-गांव जाकर महिलाओं को योग के गुर सिखाए। साथ ही तनाव कम करने के लिए अध्यात्म के बारे में भी बताया। इसमें ग्रामीण महिलाओं को पहले गांव-गांव जाकर योग, प्राणायाम आदि के बारे में व्यावहारिक रूप से सिखाया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........

दिनांक ..7..1..2021.....पृष्ठ संख्या....4..............कॉलम.....1-2.........

# 'द क्लोथिंग ड्राइव अभियान कल से, एकत्रित करेंगे सर्दी के लिए वस्त्र'

हिसार, 6 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए 8 जनवरी को एक 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान चलाया जाएगा। महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डा. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफैसर डा. कविता दुआ जाधव ने बताया कि इस दौरान विभाग की संकल्प टीम की छात्राओं द्वारा इस अभियान का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर 4 और इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलैक्शन सैंटर बनाए जाएंगे। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपने घर पर रखे हुए पुराने वस्त्रों को देकर जा सकता है। इन केंद्रों पर प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक वस्त्र एकत्रित किए जाएंगे। पाठ्यक्रम समन्वयक डा. कविता दुआ जाधव ने कहा कि सर्दी के मौसम में कई बेसहारा लोग सड़कों व फुटपाथ पर अपनी रात गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में उन गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने यह सराहनीय कदम उठाते हुए इस तरह की गतिविधि आयोजित करने का फैसला लिया है ताकि अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर इस अभियान का हिस्सा बन सकें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला, वीर भूमि

दिनांक: 7.1.2021 पृष्ठ संख्या: 4, 9 कॉलम: 3-5, 1

## जरूरतमंदों के लिए सहारा बनेगा एचएयू का होम साइंस कॉलेज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए आठ जनवरी को द क्लोथिंग ड्राइव अभियान चलाया जाएगा। महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर चार और इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलेक्शन सेंटर बनाएं जाएंगे। ब्यूरो

## जरूरतमंदों का सहारा बनेगा होम साइंस कॉलेज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस कडकड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए 8 जनवरी को एक द क्लोथिंग ड्राइव अभियान चलाया जाएगा। महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू तथा पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि इस दौरान विभाग की संकल्प टीम की छात्राओं द्वारा इस अभियान का आयोजन किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....................पाँच बजे....................

दिनांक 6.1.2021....पृष्ठ संख्या......—......कॉलम......—......

# ग्रामीण महिलाओं को जीने के गुर सिखा रहा एचएयू का होम साइंस कॉलेज

पांच बजे न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एक ओर जहां कृषि क्षेत्र में उन्नत किस्म और नई तकनीक विकसित करने के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर इसी विश्वविद्यालय का इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान व उनको स्वावलम्बी बनाने में अहम् भूमिका निभा रहा है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी इस कड़ी में विशेष योगदान दे रहे हैं। विभाग द्वारा तत्कालीन सामाजिक मुद्दों के मद्देनजर अनेक गतिविधियां ऑनलाइन व ऑफलाइन आयोजित की जाती हैं। इसी दिशा में कोरोना महामारी के चलते ग्रामीण महिलाएं जो स्वरोजगार से अपना व परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उनके जीवन में काम के बोझ व घरेलू परेशानियों के चलते बढ़ रहे तनाव को दूर करने के लिए कॉलेज टीम द्वारा खास टिप्स दिए जा रहे हैं। कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने टीम का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बधाई दी है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ जाभव की अगुवाई में ये गतिविधि आयोजित की जा रही हैं।



**डाबड़ा व रावलवास खुर्द गांव की स्वरोजगार चलाने वाली महिलाओं का किया चयन**

कोरोना महामारी के चलते कॉलेज के स्टाफ सदस्यों द्वारा जिले के गांव डाबड़ा व रावलवास खुर्द की 30-30 उन महिलाओं का चयन किया गया जो गांव में अपना स्वरोजगार से आजीविका चला रही हैं। ये महिलाएं कढ़ाई, सिलाई, बूटीक, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, स्टीचिंग जैसे कार्य कर रही हैं। उनमें दिनभर काम का बोझ व साथ में परिवार को संभालने के कारण कई बार महिलाएं अपने दैनिक कार्यों में सामंजस्य नहीं बैठा पाती, जिसके चलते मानसिक रूप से परेशान हो जाती हैं और तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उन्हें कई मानसिक व शारीरिक समस्याएं घेर लेती हैं और उनका स्वभाव चिड़चिड़ा रहने लगता है, जो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है और परिवार में अशांति का माहौल पैदा करता है।

**तनाव को कम करने के लिए दिए योगा व अध्यात्म के टिप्स**

गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ की अगुवाई में इसी कॉलेज की शोध की छात्रा एवं योगा एक्सपर्ट सुमन सहारन ने गांव-गांव जाकर महिलाओं को योग के गुर सिखाए। साथ ही तनाव कम करने के लिए अध्यात्म व ध्यान के बारे में भी बताया।

**मिल रहे हैं सार्थक परिणाम**

विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाभव ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को पहले गांव-गांव जाकर योग, प्राणायाम आदि के बारे में व्यावहारिक रूप से सिखाया गया। इसके बाद अभी भी इन ग्रामीण महिलाओं से ऑनलाइन वीडियो कालिंग या फिर साधारण काल से संपर्क कर रहे हैं और उनके अनुभवों के बारे में बातचीत की जाती है। सभी महिलाएं बहुत खुश हैं और वे अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को भी जागरूक कर रही हैं। महिलाओं के अनुसार उनमें तनाव व चिड़चिड़ापन, सिरदर्द जैसी समस्याएं कम हो गई हैं और अब वे अपने काम को भी सही ढंग से कर पा रही हैं। अपने घरेलू व अन्य दैनिक कार्यों में सामंजस्य भी कर रही हैं।

**बहुत ही सराहनीय कदम : प्रो. समर सिंह**

विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कोरोना महामारी के चलते समाज के बदलते परिवेश में अपनी खास भूमिका निभाई है। कभी मास्क, बॉडी कवर किट, कोरोना किट आदि तैयार करने से लेकर ऑनलाइन पढ़ाई व प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम भी किए गए हैं और अभी भी जारी हैं। विभाग की ओर से समसामयिक मुद्दों को ध्यान में रखकर किए जाने वाले इस प्रकार के प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........ समस्त हरियाणा ........

दिनांक .6.1.2021... पृष्ठ संख्या...... — ......कॉलम...... — ......

# कडकड़ाती ठंड में जरूरतमंदों के लिए सहारा बनेगा एचएयू का होम साइंस कॉलेज

## 8 जनवरी से चलाएंगे 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान, एकत्रित करेंगे सर्दी के लिए वस्त्र



समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस कडकड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए 8 जनवरी को एक 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि इस दौरान विभाग की संकल्प टीम की छात्राओं द्वारा इस अभियान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर चार और इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलेक्शन सेंटर बनाएं जाएंगे। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपने घर पर रखे हुए पुराने वस्त्रों को यहां देकर जा सकता है।

इन केंद्रों पर प्रात 9 बजे से सायंकाल पांच बजे तक वस्त्र एकत्रित किए जाएंगे। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि जो भी व्यक्ति यहां वस्त्र देना चाहता है वह साफ व सुथरे, बिना फट्टे हुए और सेनेटाइज किए गए वस्त्र यहां देकर जाए ताकि कोरोना महामारी के चलते सावधानी बरतते हुए उन्हें सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में कई बेसहारा लोग सड़कों व फुटपाथ पर अपनी रात गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में उन गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने यह सराहनीय कदम उठाते हुए इस तरह की गतिविधि आयोजित करने का फैसला लिया है, ताकि अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर इस अभियान का हिस्सा बन सकें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........नभ-छोर........

दिनांक 6.1.2021....पृष्ठ संख्या....—....कॉलम....—....

# हकृवि की छात्राएं 8 को चलाएंगी 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान

हिसार/06 जनवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए 8 जनवरी को 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि इस दौरान विभाग की संकल्प टीम की छात्राओं द्वारा इस दौरान विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर चार और इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलैक्शन सेंटर बनाएं जाएंगे। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपने घर पर रखे हुए पुराने वस्त्रों को देकर जा सकता है। इन केंद्रों पर प्रात: 9 बजे से सायं पांच बजे तक वस्त्र एकत्रित किए जाएंगे। डॉ. जाधव ने बताया कि जो भी व्यक्ति यहां वस्त्र देना चाहता है वह साफ व सुथरे, बिना फटे हुए और सैनेटाइज्ड किए गए वस्त्र यहां देकर जाए ताकि कोरोना महामारी के चलते सावधानी बरतते हुए उन्हें सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में कई बेसहारा लोग सड़कों व फुटपाथ पर अपनी रात गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में उन गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने यह सराहनीय कदम उठाते हुए इस तरह की गतिविधि आयोजित करने का फैसला लिया है, ताकि अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर इस अभियान का हिस्सा बन सकें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.......पांच बजे.......

दिनांक 6.1.2021.....पृष्ठ संख्या.....—.....कॉलम.....—.....

8 जनवरी से चलाएंगे 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान, एकत्रित करेंगे सर्दी के लिए वस्त्र

# कडक़ड़ाती ठंड में जरूरतमंदों के लिए सहारा बनेगा एचएयू का होम साइंस कॉलेज




पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस कडक़ड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए 8 जनवरी को एक 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान चलाया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि इस दौरान विभाग की संकल्प टीम की छात्राओं द्वारा इस अभियान का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर चार और इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलेक्शन सेंटर बनाए जाएंगे। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपने घर पर रखे हुए पुराने वस्त्रों को यहां देकर जा सकता है। इन केंद्रों पर प्रातः 9 बजे से सायंकाल पांच बजे तक वस्त्र एकत्रित किए जाएंगे। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि जो भी व्यक्ति यहां वस्त्र देना चाहता है वह साफ व सुथरे, बिना फट्टे हुए और सेनेटाइज किए गए वस्त्र यहां देकर जाए ताकि कोरोना महामारी के चलते सावधानी बरतते हुए उन्हें सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में कई बेसहारा लोग सडक़ों व फुटपाथ पर अपनी रात गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में उन गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने यह सराहनीय कदम उठाते हुए इस तरह की गतिविधि आयोजित करने का फैसला लिया है, ताकि अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर इस अभियान का हिस्सा बन सकें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........समस्त हरियाणा........

दिनांक 6.1.2021....पृष्ठ संख्या.....—.....कॉलम.....—.....

# ग्रामीण महिलाओं को जीने के गुर सिखा रहा एचएयू का होम साइंस कॉलेज

**समस्त हरियाणा न्यूज**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एक ओर जहां कृषि क्षेत्र में उन्नत किस्म और नई तकनीक विकसित करने के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर इसी विश्वविद्यालय का इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान व उनको स्वावलम्बी बनाने में अहम् भूमिका निभा रहा है।

गृह विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी इस कड़ी में विशेष योगदान दे रहे हैं। विभाग द्वारा तत्कालीन सामाजिक मुद्दों के मद्देनजर अनेक गतिविधियां ऑनलाइन व ऑफलाइन आयोजित की जाती हैं। इसी दिशा में कोरोना महामारी के चलते ग्रामीण महिलाएं जो स्वरोजगार से अपना व परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उनके जीवन में काम के बोझ व घरेलू परेशानियों के चलते बढ़ रहे तनाव को दूर करने के लिए कॉलेज टीम द्वारा खास टिप्स दिए जा रहे हैं। कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने टीम का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बधाई दी है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन



एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ जाधव की अगुवाई में ये गतिविधि आयोजित की जा रही हैं।

**डाबड़ा व रावलवास खुर्द गांव की स्वरोजगार चलाने वाली महिलाओं का किया चयन** : कोरोना महामारी के चलते कॉलेज के स्टाफ सदस्यों द्वारा जिले के गांव डाबड़ा व रावलवास खुर्द की 30-30 उन महिलाओं का चयन किया गया जो गांव में अपना स्वरोजगार से आजीविका चला रही हैं। ये महिलाएं कढ़ाई, सिलाई, बुटीक, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, स्टीचिंग जैसे कार्य कर रही हैं। उनमें दिनभर काम का बोझ व साथ में परिवार को संभालने के कारण कई बार महिलाएं अपने दैनिक कार्यों में सांमजस्य नहीं बैठा पाती, जिसके चलते मानसिक रूप से परेशान हो जाती हैं और तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उन्हें कई मानसिक व शारीरिक समस्याएं घेर लेती हैं और उनका स्वभाव चिड़चिड़ा रहने लगता है, जो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है और परिवार में अशांति का माहौल पैदा करता है।

गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ की अगुवाई में इसी कॉलेज की शोध की छात्रा एवं योगा एक्सपर्ट सुमन सहारन ने गांव-गांव जाकर महिलाओं को योग के गुर सिखाए। साथ ही तनाव कम करने के लिए अध्यात्म व ध्यान के बारे में भी बताया।

विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को पहले गांव-गांव जाकर योग, प्राणायाम आदि के बारे में व्यावहारिक रूप से सिखाया गया। इसके बाद अभी भी उन ग्रामीण महिलाओं से ऑनलाइन वीडियो कॉलिंग या फिर साधारण काल से संपर्क कर रहे हैं और उनके अनुभवों के बारे में बातचीत की जाती है। सभी महिलाएं बहुत खुश हैं और वे अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को भी जागरूक कर रही हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.......पाठकपक्ष.......

दिनांक 6...1...2021...पृष्ठ संख्या.......—.......कॉलम.......—.......


# ग्रामीण महिलाओं को जीने के गुर सिखा रहा एचएयू का होम साइंस कॉलेज



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 6 जनवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एक ओर जहां कृषि क्षेत्र में उन्नत किस्म और नई तकनीक विकसित करने के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर इसी विश्वविद्यालय का इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान व उनको स्वावलम्बी बनाने में अहम् भूमिका निभा रहा है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी इस कड़ी में विशेष योगदान दे रहे हैं। कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने टीम का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बधाई दी है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ जाधव की अगुवाई में ये गतिविधि आयोजित की जा रही हैं। कोरोना महामारी के चलते कॉलेज के स्टाफ सदस्यों द्वारा जिले के गांव डाबड़ा व रावलवास खुर्द की 30-30 उन महिलाओं का चयन किया गया जो गांव में अपना स्वरोजगार से आजीविका चला रही हैं। ये महिलाएं कढ़ाई, सिलाई, बुटीक, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, स्टीचिंग जैसे कार्य कर रही हैं। गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ की अगुवाई में इसी कॉलेज की शोध की छात्रा एवं योगा एक्सपर्ट सुमन सहारन ने गांव-गांव जाकर महिलाओं को योग के गुर सिखाए। साथ ही तनाव कम करने के लिए अध्यात्म व ध्यान के बारे में भी बताया। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कोरोना महामारी के चलते समाज के बदलते परिवेश में अपनी खास भूमिका निभाई है। कभी मास्क, बॉडी कवर किट, कोरोना किट आदि तैयार करने से लेकर ऑनलाइन पढ़ाई व प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम भी किए गए है और अभी भी जारी हैं। विभाग की ओर से समसामयिक मुद्दों को ध्यान में रखकर किए जाने वाले इस प्रकार के प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........हरियाणा वाटिका........
दिनांक ..6.1.2021...पृष्ठ संख्या.......—.......कॉलम.......—.......

# ग्रामीण महिलाओं को जीने के गुर सिखा रहा एचएयू का होम साइंस कॉलेज

**वाटिका@हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एक ओर जहां कृषि क्षेत्र में उन्नत किस्म और नई तकनीक विकसित करने के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर इसी विश्वविद्यालय का इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान व उनको स्वावलम्बी बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी इस कड़ी में विशेष योगदान दे रहे हैं। विभाग द्वारा तत्कालीन सामाजिक मुद्दों के मद्देनजर अनेक गतिविधियां ऑनलाइन व ऑफलाइन आयोजित की जाती हैं। इसी दिशा में कोरोना महामारी के चलते ग्रामीण महिलाएं जो स्वरोजगार से अपना व परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उनके जीवन में काम के बोझ व घरेलू परेशानियों के चलते बढ़ रहे तनाव को दूर करने के लिए कॉलेज टीम द्वारा खास टिप्स दिए जा रहे हैं।

## कॉलेज के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन किया जा रहा जागरूक



कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने टीम का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बधाई दी है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ जाधव की अगुवाई में ये गतिविधि आयोजित की जा रही हैं।

**डाबड़ा व रावलवास खुर्द गांव की स्वरोजगार चलाने वाली महिलाओं का किया चयन :** कोरोना महामारी के चलते कॉलेज के स्टाफ सदस्यों द्वारा जिले के गांव डाबड़ा व रावलवास खुर्द की 30-30 उन महिलाओं का चयन किया गया जो गांव में अपना स्वरोजगार से आजीविका चला रही हैं। ये महिलाएं कढ़ाई, सिलाई, बुटीक, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, स्टीचिंग जैसे कार्य कर रही हैं। उनमें दिनभर काम का बोझ व साथ में परिवार को संभालने के कारण कई बार महिलाएं अपने दैनिक कार्यों में सामंजस्य नहीं बैठा पाती, जिसके चलते मानसिक रूप से परेशान हो जाती हैं और तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उन्हें कई मानसिक व शारीरिक समस्याएं घेर लेती हैं और उनका स्वभाव चिड़चिड़ा रहने लगता है, जो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है और परिवार में अशांति का माहौल पैदा करता है।



**तनाव को कम करने के लिए दिए योगा व अध्यात्म के टिप्स :** गृह विज्ञान महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ की अगुवाई में इसी कॉलेज की शोध की छात्रा एवं योगा एक्सपर्ट सुमन सहारन ने गांव-गांव जाकर महिलाओं को योग के गुर सिखाए। साथ ही तनाव कम करने के लिए अध्यात्म व ध्यान के बारे में भी बताया।

**मिल रहे है सार्थक परिणाम :** विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को पहले गांव-गांव जाकर योग, प्राणायाम आदि के बारे में व्यावहारिक रूप से सिखाया गया। इसके बाद अभी भी उन ग्रामीण महिलाओं से ऑनलाइन वीडियो कॉलिंग या फिर साधारण कॉल से संपर्क कर रहे हैं और उनके अनुभवों के बारे में बातचीत की जाती है। सभी महिलाएं बहुत खुश हैं और वे अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को भी जागरूक कर रही हैं। महिलाओं के अनुसार उनमें तनाव व चिड़चिड़ापन, सिरदर्द जैसी समस्याएं कम हो गई हैं और अब वे अपने काम को भी सही ढंग से कर पा रही हैं। अपने घरेलू व अन्य दैनिक कार्यों में सामंजस्य भी कर रही हैं।

**बहुत ही सराहनीय कदम : प्रोफेसर समर सिंह :** विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय ने कोरोना महामारी के चलते समाज के बदलते परिवेश में अपनी खास भूमिका निभाई है। कभी मास्क, बॉडी कवर किट, कोरोना किट आदि तैयार करने से लेकर ऑनलाइन पढ़ाई व प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम भी किए गए हैं और अभी भी जारी हैं। विभाग की ओर से समसामयिक मुद्दों को ध्यान में रखकर किए जाने वाले इस प्रकार के प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....पाठक पक्ष....

दिनांक 6.1.2021....पृष्ठ संख्या....—....कॉलम....—....

# कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंदों के लिए सहारा बनेगा एचएयू का होम साइंस कॉलेज

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 6 जनवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा इस कडकड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों के लिए 8 जनवरी को एक 'द क्लोथिंग ड्राइव' अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के पारिवारिक संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू मेहता व पाठ्यक्रम समन्वयक सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि इस दौरान विभाग की संकल्प टीम की छात्राओं द्वारा इस अभियान का आयोजन किय। जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर स्थित नेकी की दीवार, गेट नंबर चार और इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर वस्त्रों को एकत्रित करने के लिए कलेक्शन सेंटर बनाएं जाएंगे। इन केंद्रों पर कोई भी व्यक्ति जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपने घर पर रखे हुए पुराने वस्त्रों को यहां देकर जा सकता है। इन केंद्रों पर प्रातः 9 बजे से सायंकाल पांच बजे तक वस्त्र एकत्रित किए जाएंगे। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि जो भी व्यक्ति यहां वस्त्र देना चाहता है वह साफ व सुथरे, बिना फटे हुए और सेनेटाइज किए गए वस्त्र यहां देकर जाएं ताकि कोरोना महामारी के चलते सावधानी बरतते हुए उन्हें सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में कई बेसहारा लोग सडकों व फुटपाथ पर अपनी रात गुजारने को मजबूर हैं। ऐसे में उन गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने यह सराहनीय कदम उठाते हुए इस तरह की गतिविधि आयोजित करने का फैसला लिया है, ताकि अन्य लोग भी इनसे प्रेरणा लेकर इस अभियान का हिस्सा बन सकें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........

दिनांक 6.1.2021....पृष्ठ संख्या........—........कॉलम....—....


# स्वरोजगार से आजीविका चला रही ग्रामीण महिलाओं को छात्राओं ने दी तनाव दूर करने की जानकारी

हिसार/06 जनवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एक ओर जहां कृषि क्षेत्र में उन्नत किस्म और नई तकनीक विकसित करने के लिए जाना जाता है, वहीं दूसरी ओर इसी विश्वविद्यालय का इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान व उनको स्वावलम्बी बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। गृह विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी इस कड़ी में विशेष योगदान दे रहे हैं। विभाग द्वारा तत्कालीन सामाजिक मुद्दों के मद्देनजर अनेक गतिविधियां ऑनलाईन व ऑफलाईन आयोजित की जाती हैं। इसी दिशा में कोरोना महामारी के चलते ग्रामीण महिलाएं जो स्वरोजगार से अपना व परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उनके जीवन में काम के बोझ व घरेलू परेशानियों के चलते बढ़ रहे तनाव को दूर करने के लिए कॉलेज टीम द्वारा टिप्स दिए जा रहे हैं। कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने टीम का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बधाई दी। कॉलेज के स्टाफ सदस्यों द्वारा गांव डाबड़ा व रावलवास खुर्द की 30-30 उन महिलाओं का चयन किया गया जो गांव में स्वरोजगार से आजीविका चला रही हैं। ये महिलाएं कढ़ाई, सिलाई, बुटिक, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, स्टिचिंग जैसे कार्य कर रही हैं। कॉलेज की शोध की छात्राओं एवं योगा एक्सपर्ट सुमन सहारन ने गांव-गांव जाकर महिलाओं को योग के गुर भी सिखाए। साथ ही तनाव कम करने के लिए अध्यात्म व ध्यान के बारे में भी बताया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक 7.1.2021.....पृष्ठ संख्या.......4.........कॉलम.......1-2.......

## पोस्टर प्रतियोगिता में मनन जाखड़ ने मारी बाजी

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। ये प्रतियोगिताएं दो आयु वर्गों में हुई। छह से 8 आयु वर्ग की गणित पोस्टर प्रतियोगिता में पीएलए के छह वर्षीय विद्यार्थी मनन जाखड़ ने इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....

दिनांक 7.1.2021.....पृष्ठ संख्या.....4.....कॉलम.....6.....

# 'बादलवाई से दिन का पारा लुढ़का, 11 तक मौसम में रहेगा बदलाव'

हिसार, 6 जनवरी (ब्यूरो): हिसार और आसपास के एरिया में बुधवार को पूरा दिन बादलवाई रहने और शीत लहर चलने से क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया। बादलवाई के कारण दोपहर के तापमान में गिरावट आई। बुधवार तड़के क्षेत्र में हल्की बारिश भी हुई। यह बारिश 5 मिलीमीटर दर्ज की गई।

बारिश और बादलवाई के कारण दोपहर का पारा 17.0 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया जो मंगलवार के मुकाबले 2 डिग्री सैल्सियस कम था। यह पारा सामान्य से 3 डिग्री सैल्सियस कम रहा। वहीं रात्रि पारा 11.8 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

हकृवि मौसम विभाग के अध्यक्ष डा. मदनलाल खिचड़ ने बताया कि 11 जनवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट आएगी। अलसुबह और देर रात्रि धुंध छाए रहने की संभावना है। 8 जनवरी रात्रि को प्रदेश में कहीं-कहीं आंशिक बादलवाई और हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। 9 से 11 जनवरी के बीच मौसम खुश्क रहेगा।